प्रेस विज्ञप्ति

Eon इलेक्ट्रिक ने उपभोक्ताओं में जागरुकता पैदा करने के लिए 'ऊर्जा दक्षता' यात्रा की शुरूआत की

नोएडा, 21 जुलाई, 2016: भारत में इलेक्ट्रिक उपकरणों की अग्रणी निर्माता EON इलेक्ट्रिक लिमिटेड (पहले इण्डो एशियन फ्यूज़गियर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, 5 दशक पहले निगमित) ने उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित अपने कोरपोरेट कार्यालय से 'ऊर्जा दक्षता यात्रा' की शुरूआत की। ऊर्जा दक्षता के बारे में जागरुकता पैदा करना तथा ऊर्जा प्रभावी इलेक्ट्रिकल लाइटिंग उत्पादों के इस्तेमाल के द्वारा ऊर्जा की खपत में कमी लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

डोमेस्टिक एफिशिएन्ट लाइटिंग प्रोग्राम (DELP) के तहत एलईडी बल्बों तथा एलईडी ट्यूब्स एवं एलईडी स्ट्रीट लाईट्स के इस्तेमाल के द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के मद्देनज़र कम्पनी ने यह पहल की है।

अभियान का संचालन एक विशेष रूप से सुसज्जित वैन के माध्यम से किया जाएगा जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी एवं पूर्वी यूपी और बिहार से होकर गुजरेगी। इस पहल के माध्यम से EON उपभोक्ताओं, बिजली का काम करने वालों और बिजली के काम से जुड़े ठेकेदारों को ऊर्जा प्रभावी विद्युत उत्पादों के इस्तेमाल के लिए शिक्षित करेगी। यह आर्कीटेक्ट्स, डीलरों और वितरकों को भी उनकी ज़रूरत के अनुसार वैल्यू–एडेड उत्पादों के बारे में उचित जानकारी उपलब्ध कराएगी।

इस मौके पर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए EON **इलेक्ट्रिक लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक श्री वीपी महेन्द्रू ने कहा,** *''सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार कोरपोरेट होने के नाते हम ऊर्जा दक्षता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हम देश भर में ऊर्जा की खपत में कमी लाने के लिए एलईडी लाईटों एवं अन्य ऊर्जा प्रभावी उत्पादों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। लाइटिंग सेक्टर की बात करें तो यह भारत में कुल ऊर्जा खपत में 20 फीसदी का योगदान देता है। वर्तमान में घरेलू एवं सार्वजनिक लाइटिंग सेक्टर में रोशनी के लिए अधिकतर अप्रभावी, पारम्परिक एवं बेहद चमकीली रोशनी देने वाले बल्बों का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए, लाइटिंग सेक्टर को ऊर्जा की दृष्टि से प्रभावी बनाने के लिए जागरुकता पैदा करने की आवश्यकता है।''*

EON **में सेल्स एण्ड मार्केटिंग के वाईस प्रेज़ीडेन्ट श्री अनिल मुजो ने इस पहल के बारे में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा** *''मोबाइल वैन अभियान के माध्यम से EON उपभोक्ताओं को ऊर्जा दक्षता के बारे में शिक्षित करना चाहती है। उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए इकोफ्रैंडली उत्पादों के इस्तेमाल तथा नई, आधुनिक प्रोद्यौगिकियों के बारे में जागरुक बनाना चाहती है।''*

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए EON ऊर्जा प्रभावी प्रोद्यौगिकी के इस्तेमाल के द्वारा उच्च गुणवत्ता के उत्पाद पेश करती है और इस तरह उपभोक्ताओं को ऊर्जा की बचत करने वाले विद्युत उत्पाद उपलब्ध कराती है।

Eon इलेक्ट्रिक लिमिटेड के बारे में :

कंपनी की स्थापना 1989 में की गई थी, इसका मुख्यालय नोएडा में है और यह ऊर्जा कुशल इलेक्ट्रीकल उत्पादों की व्यापक रेंज का विनिर्माण करती है और आज यह मल्टी–प्रोडक्ट कंपनी के रूप में विकसित हो गई है। इसके हरिद्वार और नोयडा स्थित विनिर्माण प्लांट विश्व स्तरीय पंखों, वायर एवं केबल तथा प्रकाश उपकरणों, लिथियम इयान बैटरियों और अन्य विद्युत उपस्करों का विनिर्माण करते हैं। इस समय, देशभर में 20 रीजनल ऑफिस और 200 से अधिक बिक्री/मार्केटिंग एग्सीक्युटिव्स और इंजीनियर हैं जो 500 से अधिक डीलरों/डिस्ट्रीब्यूटरों को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। EON उत्पाद भारत के सभी प्रमुख बाजारों में आसानी से उपलब्ध हैं और ये BIS और ISO-9001 द्वारा प्रमाणित उत्पाद हैं। कंपनी का सपना एलईडी लाइट सेगमेंट में 2020 तक देश की शीर्ष पांच कंपनियों में अपने लिए जगह सुनिश्चित करना है।

###

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

श्री नीरज सचदेवा
Eon इलेक्ट्रिक लिमिटेड
फोन: +911203096755
ईमेल: nsachdeva@eonelectric.com

सुश्री स्वेता सिंह/ श्री नीरज धनखेर
एटफैक्टर्स पीआर प्रा. लि.
मोबाइलः +919717128384/+919818342319
ईमेल:sweta.singh@adfactorspr.com; neeraj.dhankher@adfactorspr.com